श्री दीपांकर मुखर्जी: सर, 8 मार्च से यह फेयरवेल की घंटी जो बजानी शुरू कर दी, जबकि 2 अप्रैल को विदाई होनी है। यह 8 मार्च से ऐसा लग रहा है कि हमारी विदाई करने को बहुत लोग आतुर हैं। ऐसा तो नहीं होना चाहिए। बाहर 8 मार्च के बाद किसी ने बोला कि आपकी तो विदाई हो गई, फेयरवेल हो गया, गिफ्ट मिल गया, खाना भी हो गया, फोटोग्राफ भी हो गया, अब भी आप क्यों बोल रहे हो हाऊस में? तो ऐसा कुछ वातावरण हुआ। सर, पहले मैं बता दूं, बचपन में मेरे पिता जी रेलवे में काम करते थे। मैं मां से पूछता था कि फादर का ट्रांसफर कब होगा? ट्रांसफर होगा, मतलब फेयरवेल और फेयरवेल होगा, तो मिठाई मिलती थी। तो I used to ask her ट्रांसफर कब होगा? उसके बाद जब मैं नौकरी करने लगा, मेरी तरफ तो देख ही रहे हैं आप। Because of my acts of omissions and commissions, I have to leave many jobs. मैं यह कह दूं, जयराम रमेश जी नहीं हैं क्या? प्राइवेट सेक्टर में भी मैंने काम किया है, ऐसी बात नहीं है कि खाली पब्लिक सेक्टर में काम किया है, प्राइवेट और पब्लिक, दोनों में किया है।

सर, यहां एक व्यवस्था का प्रश्न और डाल दिया, मैं जो बता रहा था, आपने कहा कि यह प्रश्न उठा रहा है। सर, यह फेयरवेल का मौका एक ऐसा है, आप जो बता रहे थे, मुझे याद आ रहा था, आप भी हंस रहे थे, मुझे मालूम नहीं कि किसलिए, और मैं भी हंस रहा था, कि फेयरवेल का मौका एक ऐसा है कि फेयरवेल के टाइम पर मुझे मालूम है कि कुछ न कुछ शब्द ऐसे बोले जाते हैं, अगर चले भी जाएंगे दुनिया से तो आपको सुनने को नहीं मिलते कि आपके बारे में क्या-क्या अच्छे शब्द बोले जा रहे हैं, मगर यह एक ऐसा मौका है, जब आपको अपने बारे में काफी ऐसी-ऐसी गुणावली बताई जाती हैं, जो और मौकों पर आपको नहीं बताया जाता। मैं अगर आपकी जगह पर होता, तो मैं जरूर कहता, आप तो नहीं कह पाएंगे, मगर मैं आपकी जगह पर होता, तो मन में कहता कि यह

गया, थोड़ी सी तो हमको राहत मिली। Notwithstanding the fact that कि अहलुवालिया जी और पाणि जी फिर भी हैं।

श्री सभापति: यह बात केवल मैं ही नहीं कहता, अगर इस जगह पर नीलोत्पल जी भी बैठे होते, तो वे यही कहते।

श्री दीपांकर मुखर्जी: सर, मुझे दो-चार ही बातें करनी हैं। जब भी मैं पार्लियामेंट में आता हूं, तो जो फर्स्ट इम्प्रेशन मेरे ऊपर हुआ है, मैं तो यही कहूंगा कि इस कोने में कोटैया साहब बैठते थे, प्रागदा कोटैया हेंडलूम वर्कर थे, दो साल मैंने उनको देखा, हेंडलूम वर्कर्स के लिए, वह धोती कुर्ता पहनकर वहां खड़े होते थे और एक टाइम ऐसा हुआ कि वह विरोध में हेंडलूम वर्कर्स के लिए यहां तक चले आए और उस समय के प्राइम मिनिस्टर नरसिंह राव जी और वैंकटास्वामी, लेबर मिनिस्टर उनको वेल में जाने से रोक रहे थे। They were trying to speak to him in Telugu. मैं तेलुगू समझ लेता हूं। अब चाहे एप्रीसिएट करें या नहीं। तो मैं समझ रहा था, उनको बोले कि ठीक है, हम देखेंगे। चिदम्बरम साहब हंस रहे हैं, मुस्करा रहे हैं और अरुण जेटली साहब, पता नहीं, आजकल का यह जो वातावरण है न, यह समर्थन देते हो और फिर विरोध क्यों करते हो, नूरा कुश्ती है, या क्या-क्या, पता नहीं, नोट फाइटिंग, अगर कोटैया साहब को दो साल या उस दिन आप लोग देखते, पता नहीं आज के जमाने में वे जो बच्चे आते हैं, एक डंडा लेकर घूमते रहते हैं न, आपका क्या रिएक्शन है, क्या रिएक्शन है, कोटैया को क्या बोलते कि सरकार गिरा दोगे, सरकार उठा दोगे? But I knew that it was not for सरकार गिराना, सरकार बचाना। He is committed to the handloom workers. I don't know where he is now. I am not aware.

श्रीमती सुषमा स्वराज (उत्तरांचल): प्रागदा कोटैया जी की डैथ हो गई।

12.00 Noon

श्री दीपांकर मुखर्जी: लेकिन जो कमिटमेंट हमने देखी, सर, वही फर्स्ट इम्प्रेशन था और सतीश अग्रवाल जी थे यहां पर, डिप्टी लीडर थे, बड़े लीडर हैं, आजकल कितने लीडर ऐसा करते हैं। मुझे याद है, खाली उनके वहां के मैम्बर्स नहीं, जितने नए-नए मैम्बर्स होते, जहां भी मौका मिलता उन्हें, सेंट्रल हाल में या कहीं भी, पार्लियामेंट के बारे में बताना, उनके बारे में जानकारी देना, I got some knowledge or tips on how to become a good Parliamentarian. I remember him and I remember his speeches. I remember one speech of Dr. Murli Manohar Joshi. मैंने कई बार बताया, वह नाराज हो जाते थे। मैंने कहा कि आप मंत्री होकर जब भी बोलते हैं, आपने ड्रिंकिंग वाटर पर जो बोला था वह मन को छू गया था। वह बोले-नहीं, नहीं, मंत्री होकर मैं अच्छे काम कर रहा हूं, तुम लोग विरोधी हो, नहीं देखते हो। सर, उस दिन आपने ड्रिंकिंग वाटर अच्छा बोला था। There are certain issues which go beyond all this.

सर, हमारे लीडर ऑफ अपोजीशन हैं, I had the privilege of working under him, when he was the Chairman of the Standing Committee on Energy, for the first two years. मेरे लिए वह आज भी चेयरमैन ही हैं, मैं आज भी उनको चेयरमैन ही कहता हूं स्टैंडिंग कमिटी ऑन एनर्जी के। मैं तो कहूंगा कि आप मंत्री भी रहे हैं, आप लीडर आफ अपोजीशन भी हैं, But those two years I have seen. और इन दोनों में कॉमन फीचर्स हैं। हम गुस्से में इतना कुछ बोलते हैं, अपने प्वाइंट्स खुद भी कन्विंस नहीं कर पाते हैं, लेकिन लीडर आफ दि हाऊस और लीडर आफ दि अपोजीशन बोलते ज्यादा नहीं हैं, हंसते रहते हैं, लेकिन अपनी बात पर अड़े रहते हैं, आधा इंच भी हटेंगे नहीं। दो एयरपोर्ट में से एक एयरपोर्ट भी नहीं देंगे हमको, हम जितना भी उनको समझाएं, चिल्लाएं, वे हंसते रहेंगे, चुपचाप बैठे रहेंगे, बोलेंगे कि वह तो होगा ही। So, that part of convincing people, I am not talking of Mr. Chidambaram. यशवंत सिन्हा साहब तो हैं, पर उनके साथ क्या कहा, यशवंत सिन्हा साहब उठ गए, हमको मालूम है। उनको बोलेंगे, हमारी राजनीति है, हमारी पॉलिसी है, तुम लोग हार गए, हम यह पॉलिसी करेंगे। I know he is coming with a dagger. हाथ में लेकर हमको मारेंगे। So, I am getting prepared. लेकिन चिदम्बरम साहब की कुछ अलग ही बात है। पता भी नहीं चलेगा, साहब, ऐसी अच्छी-अच्छी मीठी-मीठी भाषा में, कब पीछे से छुरा घुंप जाएगा। So, the way of expressing, that part, I always will say that मेरी एक खामी है। हम बंगाल की जिस जगह से आते हैं, अभी बंगलादेशी मत बोल दीजिएगा, हम जिस डिस्ट्रिक्ट से आते हैं, वहां के लोग बहुत ब्लंट होते हैं। They are supposed to be very blunt. तो मेरे कहने का ढंग जरा बहुत ही अफेंसिव होता था, है, मैं मानता हूं और उसके लिए सब लोगों से मैं क्षमा मांग रहा हूं। But it was not for anything else. जैसा मैंने कहा, Certain commitments are there. Apart from the party, emotional sentiments and attachments are there because the whole idea और इस बात से मैं अंत करूंगा अपनी बात का कि मेरे पिता जी रेलवे में काम करते थे, मैं खुद पब्लिक सैक्टर में काम करता था। तो कभी जब कोई बोलता है, It actually hits me because I have seen my father. In 1943, he joined as a Signal Inspector and he retired as a Signal Inspector in 1965. In 22 years, I had never seen him flinching an inch from his duty. तो कोई जब बोलता है कि सरकारी लोग काम नहीं करते हैं, तो मुझे बहुत अचंभा होता है। उस चीज का मेरा कन्विक्शन इस पार्लियामेंट में आकर बढ़ गया। मुझे नहीं मालूम था कि पार्लियामेंट का स्टाफ सरकारी है या प्राइवेट है, लेकिन जिस सिस्टम से यह काम करते हैं, 700 एम०पी० को सिक्युरिटी विभाग, वहां से शुरू कीजिए और यहां तक, एक-एक को कैसे पहचान लेते हैं। अगर कभी नहीं पहचान पाए तो आकर बोलते हैं, सर आइडेंटिटी कार्ड और कार्ड को देखने के बाद जिस तरह से कहते हैं–सॉरी सर, इस तरह से बिहेव करते हैं। इतने घंटों तक खड़े होते हैं और क्या भाषण हम देते हैं, हमको तो मालूम है। घंटों तक सुनना, खड़े होकर सुनना, जितने यहां हैं, बाहर, आपके पास, सामने या नीचे स्टाफ के लोग बैठते

हैं, The way they work सवेरे से रात तक, कहीं भी हो, डिबेट का next day तक पहुंचना, any paper, I don't know how many MPs can say कि कुछ चीज हमने टेबल आफिस से या किसी भी आफिस से मांगी, वह नहीं आई। all sorts of services, जो सब लोग देते हैं, शर्मा जी जो घूमते हैं, Any point any help. I do not know what is this. It is the system. मैंने एक सीख ली और I want to give my reconvincing words to both the sides, जब बाहर जाऊंगा, मैं अपने वर्कर्स के साथ जहां भी जाऊंगा, तो यह जरूर कहूंगा कि सिस्टम अगर सीखना है, सिक्युरिटी स्टाफ के लोगों ने तो जान दे दी, सिस्टम अगर सीखना है, ऐफिशिएंसी की बात अगर करनी है, It is not the question of क्या नाम आप देते हैं, Whether it is public or private, it is the system which works. Right from the Secretary-General who comes form a very senior position as Secretary from the Government Department बैठे रहते हैं, वहां से लेकर सब, सुनते रहते हैं, But the way the system works in Parliament, that system can work only out of certain commitment and that commitment does not come because of 'x' or 'y', who is the owner, who is not the owner. It is the system. इस सिस्टम के बारे में, मैं जहां भी जाऊंगा, जरूर बोलूंगा वर्कर्स, ऐम्प्लाइज़ को कि देखो और वहां से सीखो, किसी बॉस के लिए नहीं, How the system works and that is how we have to function irrespective of ownership and that is what the commitment is. Thank you very much. माफी फिर से मांग रहा हूं, including from Mr. Chidambaram.

डा॰ कुमकुम राय (बिहार): सभापति महोदय, धन्यवाद। इस सदन में यह मेरा आखरी सम्बोधन है और सबसे पहले आज मैं अपनी पार्टी-राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान रेल मंत्री आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहती हूं क्योंकि उनके कारण ही एक पिछड़े वर्ग की महिला को हिन्दुस्तान जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश की सबसे बड़ी पंचायत का सदस्य बनने का गौरव मिला।

अपने विद्यार्थी जीवन में राज्य सभा या संसद के विषय में जो कुछ मैं किताबो, अखबारों और पत्रिकाओं में पढ़ा करती थी, जिन विद्वानों के विषय में अथवा मंत्री, प्रधान मंत्री, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं स्पीकर की कार्यप्रणाली के विषय में पढ़ा करती थी, उनके बीच आ करके बैठने का, उनसे बातचीत करने का और उन्हें सुनने का इन छ: वर्षों में मुझे जो मौका मिला, यह मेरी जिन्दगी का बहुत ही कीमती अनुभव है। इस सदन में जिस प्रकार से पूरे हिन्दुस्तान के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से प्रतिनिधिगण आते हैं, यह राष्ट्रीय एकता की एक जीती जागती मिसाल है। विभिन्न भाषा-भाषी, पहनावे-ओढ़ावे, रहन-सहन, खान-पान और विभिन्न विचारों के लोग जब यहां बैठ कर संवेत स्वर में बोलते हैं और जब अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं उठाते हैं, तो यहीं बैठे-बैठे पूरे हिन्दुस्तान को एक ही माला में पिरोने वाली कार्यवाही देखने का अवसर मिलता है, जो बहुत ही प्रशंसनीय है।

आपकी विशेष कृपा से मैंने पिछले छः वर्षों में संसदीय कार्यवाही में कई बार हिस्सा लिया। वाद-विवाद, चर्चाएं, प्रश्न, पूरक प्रश्न अथवा विशेष उल्लेखों के माध्यम से आपने मुझे जो बार-बार बोलने और सीखने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपके प्रति अपना आभार व्यक्त करती हूं।

जब मैं यहां आई थी, उस समय हमारे माननीय प्रधान मंत्री, आदरणीय श्री मनमोहन सिंह जी विपक्ष के नेता थे और आज वह हमारे प्रधान मंत्री हैं, लेकिन उस समय से लेकर अब तक कई बार मैंने उनके भाषणों को सुना, उनकी कार्य करने की शैली को देखा, उनकी सहृदयता को पहचाना। मैं इसका एक उदाहरण देना चाहती हूं कि जब यूपीए की सरकार बनी और राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह था, उस समय वहां जाने का मुझे कोई आमंत्रण पत्र नहीं मिला। लेकिन मेरे लिए यह पहला मौका था और इस समारोह को मैं अपनी आंखों से देखना चाहती थी। इसके लिए मैं सीधे आदरणीय प्रधान मंत्री जी के आवास पर पहुंच गई और मैंने एक स्लिप पर लिखकर अपनी इच्छा उन तक पहुंचाई और तुरन्त उन्होंने मेरे वहां जाने की व्यवस्था कर दी। सारी जिन्दगी मैं इसके लिए उनका आभार मानूंगी। यह उनकी सहृदयता का ही उदाहरण है, क्योंकि मैं उनकी पार्टी की नहीं थी, लेकिन जैसे ही मैंने अपना परिचय दिया वैसे ही उन्होंने वह मौका मेरे लिए उपलब्ध करा दिया।

आदरणीय सभापति महोदय एवं अन्य समस्त अधिकारीगणों ने भी समय-समय पर इस सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए मुझे जो प्रोत्साहन दिया एवं हौसला अफज़ाई की, उसके लिए मैं इन तमाम लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

इस सदन में मेरे पार्टी के नेता, आदरणीय प्रो॰ राम देव भंडारी जी एवं हमारे मंत्री आदरणीय श्री प्रेम चन्द गुप्ता जी, इन्होंने भी समय-समय पर, रह-रह कर मेरे जैसे नौसिखिए को संसदीय कार्यप्रणाली के बारे में बार-बार समझाया-बुझाया और मुझे सीखने का मौका दिया, इसके लिए मैं तहे दिल से इनका शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। संसदीय सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय और साथ ही नोटिस ऑफिस के हमारे विशेष प्रशासनिक अधिकारी श्री मेहरा साहब से लेकर तमाम वॉच एंड वार्ड और तमाम कर्मचारी वर्ग जो यहां कार्यरत है...। इन लोगों ने भी समय-समय पर मार्ग-निर्देशन किया, सहयोग किया, सहायता की। इन तमाम लोगों का मैं तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। इस सदन में हमारे तमाम जो सांसदगण हैं, उन तमाम लोगों ने समय-समय पर मेरा हौंसला बढ़ाया, मेरी प्रशंसा की, मेरे बोलने की शैली की प्रशंसा की, जिससे मैं इन 6 वर्षों में अपने संसदीय कार्य निष्पादन में सफल हो सकी। इन तमाम लोगों के लिए मेरे दिल में बहुत ही सम्मान की जगह है। सभापति महोदय, अपने इस अंतिम सम्बोधन में, मैं दो बातों की तरफ माननीय प्रधान मंत्री जी और आपका भी ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। पिछले कुछ वर्षों से मैं यह देख रही हूं कि राज्य सभा में बड़े-बड़े औद्योगिक घराने और धन कुबेरों का आगमन बड़ी

सहजता से होता चला आ रहा है और एक राजनीतिक कार्यकर्ता जो अपनी सारी जिंदगी अपनी पार्टी विशेष के लिए मेहनत करता है, राजनीतिक रूप से तमाम गतिविधियों में लिप्त रहता है, जिसके चलते वह अपने घर की जिम्मेदारी भी नहीं निभा पाता, लेकिन वह चूंकि धनवान नहीं होता, ऐसे कार्यकर्ता उपेक्षित रह जाते हैं और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसलिए मैं तमाम लोगों का ध्यान इस बिन्दु की तरफ आकर्षित करना चाहती हूं और इसलिए मैं दिल से आपसे आग्रह करना चाहती हूं कि महिलाओं की आधी आबादी जो अब आधी नहीं रही, मैं इस समय पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी जी के प्रति बहुत ही श्रद्धा के फूल चढ़ाकर कहना चाहती हूं कि जिस तरह उन्होंने पंचायत राज में 33 परसेंट आरक्षण देकर के निचले स्तर की महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी, समाज में नीति निर्माण करने वाली संस्था की भागीदारी करने में उन्हें सफलता प्रदान की, मैं आप लोगों से करबद्ध प्रार्थना करना चाहती हूं कि भले ही आप 33 न दें, संख्या 30 या 25 कर दें, लेकिन कानून अवश्य बना दें ताकि उतनी ही संख्या में निश्चित रूप से सारी पार्टियां अपनी पार्टी की महिला मेंबर्स को लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभा और विधान परिषद के सदस्य के रूप में आगे बढ़ने का मौका दे सकें।

महोदय, दूसरी बात, मैं यह कहना चाहती हूं कि जितने भी सदस्य रिटायर होते हैं, निवर्तमान होते हैं, चूंकि उन्होंने इतनी उम्र तक राजनीति की है, इसलिए राजनीतिक गतिविधियों से दूर नहीं रह सकते। दिल्ली देश की राजधानी है और राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए उनका दिल्ली आना-जाना लगा रहता है। लेकिन निवर्तमान सांसदों के लिए यहां रहने की कोई सुविधा नहीं है। आवास समिति के अध्यक्ष महोदय ने इन फ्लैटों का और बंगलों का इतना ज्यादा किराया बढ़ा दिया है कि कोई भी सांसद जब निवर्तमान हो जाएगा तो उसमें वह किराया मार्केट रेट से देकर के नहीं रह सकता। इसलिए मैं तमाम लोगों से अनुरोध करना चाहती हूं कि ऐसी व्यवस्था कीजिए ताकि कम शुल्क देकर, कम किराया दे कर के जो निवर्तमान सांसदगण हैं, वे जितने दिन रहना चाहें या यहां की गतिविधियों में भाग लेना चाहें, ले सकें। इसके लिए उनको आवास की सुविधा मुहैया कराई जाए ताकि वे राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकें। जाने-अनजाने पिछले 6 वर्षों में मुझसे जो भी गलतियां हुई हैं बोलने-चालने या किसी भी तरह से मुझसे कोई भी गलती हुई हो, किसी के दिल को ठेस लगी हो, उसके लिए मैं विनम्रता से क्षमा मांगती हूं और आप तमाम लोगों ने मुझे जो सहयोग दिया, उसके लिए मैं ताउम्र आभारी रहूंगी। धन्यवाद।

श्री कृपाल परमार (हिमाचल प्रदेश): धन्यवाद सभापति महोदय, 6 साल का वक्त कब गुजर गया पता ही नहीं चला।

श्री सभापति: आज पता लग रहा है।

श्री कृपाल परमार: कहते हैं कि अच्छा वक्त गुजरते वक्त पता नहीं लगता और बुरा वक्त पहाड़ बनकर सामने खड़ा हो जाता है। इसी तरीके से मेरे जिंदगी के बेहतरीन 6 साल आज सिमटकर 6 पल की तरह बन गए हैं और आपका प्यार, इस सदन का अनुभव और जहां की स्मृतियों की सम्पत्तियां आज समेटे मेरे आंचल में नहीं सिमट रही हैं। मैं सोचता हूं कि यह प्यार, ये स्मृतियां इसी सदन की धरोहर हैं, मैं क्यों न यह बांटकर चलूं। 6 साल पहले जब मैं इस सदन का सदस्य हुआ था, तो मेरे जहन में एक शायर की पंक्तियां कौंधती थीं कि,

''घर से चला तो घर को मैं क्या देखता,

कौन था जहां जो मेरा रास्ता देखता,

एक कदम भी न उठा पाता राहों में तेरी,

गर मैं घर से मंजिल का फासला देखता।''

मैंने एक गरीब परिवार में, दूरदराज गांव में पैदा होकर कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इस सदन का सदस्य बन पाऊंगा। मेरे उम्मीदों के पंख कभी भी इतने मजबूत नहीं रहे कि मैं कल्पनाओं की उड़ान भर कर कभी सपने में भी सोचता कि मैं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के उच्च सदन का सदस्य हो सकता हूं। मगर 2000 के मार्च में मेरे लिए अनदेखे सपने सच हुए, जब मैं भगवान की कृपा से, अपने मां-बाप के आशीर्वाद से, राष्ट्रीय स्वयं-सेवक संघ के मार्ग-दर्शन से और अपनी पार्टी के नेताओं की मदद से इस उच्च सदन का सदस्य हुआ। मैं धन्यवाद करना चाहता हूं उस वक्त के हमारे मुख्य मंत्री श्री प्रेम कुमार धूमल जी का, मैं धन्यवाद करना चाहता हूं गुजरात के मुख्य मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का, जो उस वक्त हिमाचल के प्रभारी थे, मैं धन्यवाद करना चाहता हूं देश के उस वक्त के प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का, मैं धन्यवाद करना चाहता हूं उस वक्त हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे जी का, आडवाणी जी का जिनके आशीर्वाद के कारण मुझे यहां आने का मौका मिला। मान्यवर, मैं उन तमाम विधायकों का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरे पक्ष में वोट देकर मुझे सदन में आने का मौका दिया। मैं कृतघ्न कहलाऊंगा अगर मैं कांग्रेस के उन तीन अज्ञात विधायकों का धन्यवाद न करूं जिन्होंने मेरे पक्ष में क्रॉस वोटिंग करके मेरे यहां पहुंचने का रास्ता पार किया था, और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि वे तीनों विधायक हिमाचल में बहुत फल-फूल रहे हैं और कुछ तो यहां सदन में आने की तैयारी भी कर रहे हैं। मान्यवर, मैंने इस सदन के अंदर मैंने राजनीति की मजबूरियां देखीं। मान्यवर, मैंने इस सदन में लोकतंत्र की मजबूतियां देखीं, मैंने राजनैतिक दलों की निकटता देखी, मैंने राजनेताओं के दिलों में दूरियां देखीं, मैंने यहां पर लोकतंत्र की जिम्मेवारियां देखीं, मैंने यहां पर सरकार की दुश्वारियां भी देखीं। यहां इस सदन में पहुंचकर, अपने आपको इस सदन का पात्र पाकर मैं धन्य हो गया। मैं उन तमाम कार्यकर्ताओं का एवं भारतीय जनता पार्टी के लोगों का भी

धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने अथक मेहनत करके मुझे इस लायक बनाया कि मैं इस सदन में पहुंच सकूं। मान्यवर, इस सदन में आने के बाद मुझे इस सदन के अति ज्ञानी लोगों के विचार सुनने का मौका मिला। जिनको कभी टीवी के माध्यम से या अखबार के माध्यम से देखते थे, उनसे रूबरू होने का मौका मिला। एक दिन सदन में कहा जा रहा था कि यह सदन विश्वविद्यालय है। मैं अपने परिवार में, राजनीति में पहला व्यक्ति हूं और राज्य सभा का चुनाव मेरी ज़िंदगी का पहला चुनाव था। इसलिए मैं विश्वविद्यालय में इस तरह पहुंचा , जैसा कोई प्राइमरी का स्कूल पास किए बिना यहां पर सदस्य हो जाए। जब मैं यहां पर विद्वान लोगों की डिबेट सुनता था, तो मुझे लगता था कि मैं विश्वविद्यालय में हूं और जब सभापति जी की डांट सुनता था तो मुझे लगता था कि मैं पाठशाला में हूं। माननीय सभापति जी, इस पाठशाला और उस पाठशाला में सिर्फ इतना अंतर था कि उस पाठशाला में मुझे पिछली बैंच पर खड़े होने के लिए कहा जाता था, जहां सभापति जी बैठने के लिए कहते थे। मुझे कई बार वेल में जाने का भी मौका मिला। कुंए में जब तक पानी रहेगा, कृपाल परमार को वहां वापस आने के लिए जाना ही पड़ेगा।

मान्यवर, मुझे इस सदन का सदस्य होकर, इस लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर पर आतंकवाद हमले का चश्मदीद गवाह बनने का भी मौका मिला। मैं धन्यवादी हूं, उन शहीद सुरक्षाकर्मियों का, जिनके कारण मैं उस दिन मौत का ग्रास बनते-बनते बचा। मैं धन्यवादी हूं, राज्य सभा सचिवालय का, जिनके कारण हमें यहां पर वाद-विवाद करने का मौका मिला। मैं धन्यवादी हूं, सभापति जी और उपसभापति जी का, जिन्होंने गाहे-बगाहे, कभी अपनी मर्ज़ी से, कभी हमारी ज़बर्दस्ती से बोलने का मौका दिया। एक शख्सियत, जिसका मैं अगर धन्यवाद न करूं, तो शायद मैं इस घर को छोड़का उस घर भी न जा पाऊं। वह शख्सियत है, मेरी पत्नी, जिसने मेरे परिवार की दोनों पीढ़ियों को - मेरे बच्चों और मेरे माता-पिता को-संभालकर मेरी राजनीति की डगर को आसान कर दिया। मैं धन्यवादी हूं, अपने तमाम दोस्तों का, सुरेश भरद्वाज जी का, अजय मारू जी का, सुरेन्द्र लाठ जी का, रुद्रनारायण पाणि जी का, जिन्होंने व्हिप के नाते मेरे घटक में काम किया। इनकी उपस्थिति के कारण मुझे कई बार शाबासी मिली क्योंकि बैठते ये थे, शाबाशी मुझे मिलती थी, इसलिए मैं इनका भी धन्यवाद करता हूं।

माननीय सभापति जी, जब मैं आया था, तो खाली हाथ आया था। आज आपके इस सदन के सदस्यों की, आपकी स्मृतियों की सम्पत्ति का एक बहुत बड़ा खजाना लेकर वापस लौट रहा हूं। अंत में, मैं यह कहना चाहता हूं कि

अलविदा तुमसे अगली मुलाकात तक है,
जुदाई है लेकिन ये इक रात तक है।

डराएंगी क्या मुश्किलें रास्तों की,
इनायत खुदा की मेरी ज़ात तक है।
अभी न मुकम्मल कहानी मेरी है,
मेरा किस्सा भारत की खिदमात तक है।
मेरे साथ तुम्हारी ये यादें रहेंगी,
कमाई ये यादों की सौगात तक है।

धन्यवाद। जह हिन्द।

श्री विद्या सागर निषाद (बिहार): धन्यवाद सभापति महोदय, आज मुझे उस समय आपके आसन के द्वारा बोलने का मौका मिला है, जब एक-तिहाई हम विदाई के अवसर पर है। महोदय, हमारे नेता माननीय लालू प्रसाद जी ने मुझ जैसे साधारण व्यक्ति, जो एक फिशरमैन हो, मछुआरा हो और गरीब परिवार से आया हो, उन्होंने मुझे दस वर्ष तक राज्य के अंदर केबिनेट का दर्जा देने का काम किया और मैं पहला व्यक्ति हूं जिसे बिहार के पैमाने पर, हमारे माननीय रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद ने, जब वे वहां मुख्य मंत्री थे, केबिनेट का दर्जा देने का काम किया था। इस प्रकार फिशरमेन का पहला व्यक्ति मैं ही था। मैं अपने नेता, श्री लालू प्रसाद जी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि मैंने कभी स्वप्न में भी नही सोचा था कि मैं भी राज्य सभा का सदस्य बन सकता हूं, एक फिशरमैन राज्य सभा का सदस्य बन सकता है, लेकिन उनकी बहुत बड़ी दूरदर्शिता, उनकी विद्वता, उनकी पहचान है कि ऐसे वर्ग के व्यक्ति को वहां से लाओं, जो वहां की समस्याओं के संबंध में बात रख सके। इसलिए मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि लालू प्रसाद जी ने हम जैसे व्यक्ति को यहां पहुंचाने का काम किया। महोदय, जब भी मुझे कुछ बोलने का मौका मिला, आपने मुझे जो प्यार दिया, आपने जो मोहब्बत दी, यह अपार है। इन दो सालों के दरमियान मुझे जो सीखने का मौका मिला, बड़े-बड़े विद्वानों, चाहे राजनीतिक नेता हों, चाहे साहित्यिक हों, चाहे दूरदर्शी हों, यह समूह जो यहां है, यह गुलाब के फूल की तरह खिला हुआ है। हरेक राज्य की भाषा, हरेक राज्य की बोली, हरेक राज्य की पहचान-सभी को मिलकर, एक जगह जुटकर, आज देश के पैमाने पर सोचने का जो मौका मिला और हम जैसे व्यक्ति को यह सब सुनने का मौका मिला, यह इतनी बड़ी सम्पत्ति मुझे मिली है, जो कभी मिलने वाली नहीं थी। हम जैसे व्यक्ति को यह सम्पत्ति देने वाले अगर कोई व्यक्ति हुए, तो वह लालू प्रसाद जी हैं।

सभापति महोदय, मैं किन शब्दों में कहूं, आज हमारी विदाई है। पिछले दो वर्ष में जो ज्ञान मुझे प्राप्त हुआ है, मैंने कभी सोचा नहीं था कि हम उपराष्ट्रपति और सभापति जी के सामने अपनी बात रखेंगे, हम प्रधान मंत्री जी के बीच में रहेंगे और मौका मिले तो प्रधानमंत्री जी से हाथ मिलाएंगे, विरोधी दल के नेताओं के साथ बैठकर बात करेंगे-यह सौभाग्य मुझे कभी नहीं मिलता, लेकिन यह

सौभाग्य हमें लालू प्रसाद जी ने दिया है। हमारे जितने माननीय सदस्य है, विपक्ष में भी जो माननीय सदस्य है, बिहार में केबिनेट में हम भी थे, हमारे साथ भी थे, तो इन तमाम लोगों का प्यार और मोहब्बत जो मिला, यह अपार है, इसलिए मैं किन शब्दों का प्रयोग यहां करूं?

महोदय, हम धन्यवाद देना चाहते हैं, हमारे सेक्रेटेरिएट के जो पदाधिकारीगण हैं, इनकी जो भावना है, इनके जो विचार हैं और नीचे से ऊपर तक जो भी कार्य करने वाले लोग हैं, वे बहुत योग्य हैं। अपर हाऊस की जो रूपरेखा है, वह अब प्रत्यक्ष मालूम पड़ रही है, इसलिए मैं तमाम माननीय सदस्यगण को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने अपनी वाणी के द्वारा जो विचार सदन में रखे हैं, उनको भी मैंने ग्रहण करने का काम किया है। अंत में मैं कहना चाहता हूं कि जो माननीय सदस्य पूर्व में बोल चुके हैं कि जो सदस्य रिटायर होते हैं, उनके रहने की कोई व्यवस्था नहीं हो पाती है, मैं इस ओर पुनः ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जो सदस्य रिटायर होते हैं, तो कम पैसे में उनके रहने की व्यवस्था हो। आदत तो अब दिल्ली की पड़ गई है, पार्लियामेंट की आदत पड़ गई है, वैसे हाल वैसी हस्ती में आने में उनको बहुत कठिनाई होगी, इसलिए जो सदस्या पहले बोल चुकी हैं, मैं चाहूंगा कि उस ओर मुखातिब होकर, हमारे देश के जो प्रधान मंत्री हैं, हमारे अन्य मंत्री हैं, आवास मंत्री हैं, सभी से मेरा आग्रह होगा कि जो बोला गया है, उस ओर मुखातिब होते हुए, उसको आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

साथ-साथ मैं निवेदन करना चाहता हूं कि रिटायर होने का मतलब सदा के लिए रिटायर नहीं है। हम यहां से जा रहे हैं, जो अनुभव हमने यहां राज्य सभा में, इस सदन में लिया है, इस अनुभव को अब हमें मौका मिलेगा कि हम अपने जिले में जाकर, अपने राज्य में जाकर उस चीज को कैसे रखें। यह सदन तो वह सदन है, जो लोक सभा के द्वारा पारित होने के बाद राज्य सभा में उस पर डिबेट होती है-ये सारी जो पुस्तकें मिली हैं, इस सारी चीज़ को हम कैसे समाज के बीच में, अपने राज्य की जनता के बीच में ले जाएं, यह हमारा संकल्प रहेगा कि यहां से जा ज्ञान हमें प्राप्त हुआ है, विद्वानों का बहुत बड़ा जो ज्ञान प्राप्त हुआ है, इस सारी चीज़ को लेकर हम अपने जिले में, अपने इलाके में, अपने देश के पैमाने पर जहां तक क्षमता होगी, हम देने का काम करेंगे। इसके साथ ही साथ मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि जब-जब भी गेट पर, हमारा उनसे प्रणाम हुआ तो तब-तब मुझे उनसे हाथ मिलाने का अवसर मिला। हमारे परिवार के लोग शायद यह समझते हैं कि हमारे जैसे व्यक्ति का प्रधानमंत्री जी से हाथ मिलाना बहुत दुशवार होगा। यह सारी देन श्री लालू प्रसाद जी की है, जिन्होंने आज मुझे यहां तक पहुंचाया है। मैं इतना कहकर अपनी बात समाप्त करता हू। नमस्कार।

श्री वसंत चव्हाण (महाराष्ट्र): आदरणीय सभापति महोदय, मैं तो सदन में केवल दस महीने पहले ही आया था। इस सदन में, मेरा अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ है। श्री संजय निरूपम ने अपनी पार्टी छोड़ी थी और अपना इस्तीफा भी दे दिया था, जिसके कारण महाराष्ट्र से एक सीट पुनः

भरी जानी थी। मैंने महाराष्ट्र विधान मंडल में 25 साल तक काम किया है और वहां रहते हुए, मैंने कई जिम्मेदारियां भी निभाई है। इसलिए हमारे नेता श्री शरद पवार जी ने सबके सामने मेरा नाम रखा कि इनको हम वहां पर भेजते हैं। उस वक्त सभी पार्टियों ने निर्विरोध तौर से चुनकर, मुझे अकेले को यहां भेजा। जब उन्होंने मुझे यहां पर भेजा तो आपने मुझे उतना प्यार भी दिया। सभापति महोदय, आपने स्वयं मुझे प्यार दिया, उपसभापति जी ने दिया, सदन के नेता ने दिया, अन्य नेताओं ने दिया और सभी सहयोगियों ने भी अपना प्यार दिया। इन दस महीनों में भी मैं कुछ काम कर सका, कई बार अपनी बात यहां पर बोल सका और कुछ सीख सका। आज कल लाभ के पदों की बड़ी चर्चा हो रही है, जिसके कारण दुर्भाग्य से हमारी एक सदस्या को भी यहां से जाना पड़ा है। जिस दिन मैं यहां पर आया था तो उससे पहले मैं एक लाभ के पद पर था। मैं कृषि संशोधन और विकास का चेयरमैन था और केबिनेट का दर्जा प्राप्त था। यहां आने के बाद मैंने पवार साहब के साथ बैठकर जब चर्चा की तो मुझे पता चला कि इसके बारे में कुछ फैसला होना चाहिए। यहां आने से पहले मैंने अपने लाभ के पद से इस्तीफा दे दिया था और उसके साथ ही वहां का चॉर्ज भी अपने पास नहीं रखा, तभी मैं इस कानून से बच गया और मैं आपके साथ काम कर रहा हूं। मुझे यहां आकर यह एक मिसाल देनी पड़ी और उसके बाद मुझे काम करने का एक अच्छा मौका मिला। अब जब चुनाव हुए तो मेरे राज्य की विधान सभा ने, वहां के सदस्यों ने, एक बड़ी समझदारी का काम किया। वहां पर हर एक पार्टी ने दलों की संख्या के अनुसार अपने-अपने दल के सदस्यों को निर्विरोध तौर पर चुनकर राज्य सभा में भेजा है। इनमें केन्द्रीय मंत्री श्री सुशील शिन्दे, केन्द्रीय मंत्री श्री प्रफुल्ल पटेल जी, लोक सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी जी, भाजपा के बाल आप्टे जी, राजीव शुक्ला जी और स्वयं मैं भी इनमें शमिल हूं। हम सब 6 लोग निर्विरोध तौर पर चुने गए है। और यहां आकर फिर से सदन में काम करेंगे। यह मेरे राज्य की विधान सभा के सदस्यों की समझदारी है, जो उन्होंने ऐसा किया। मैं इस सदन के माफर्त उनका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस मामले में बहुत अच्छा काम किया है। अन्य राज्यों में तो चुनाव होंगे, लेकिन हमारे यहां पर सभी नेताओं ने सदस्य संख्या के आधार पर एक साथ बैठकर अच्छी सूझबूझ का परिचय देते हुए हम लोगों को यहां पर पुनः सेवा के लिए भेजा है। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में भी मुझे अच्छा मौका मिलेगा और मेरे हाथों से अच्छे काम होंगे। जो सदस्य यहां पर आ रहे हैं, उनके लिए मैं सिर्फ दो पंक्तियां कहना चाहता हूं, 'आइए आपकी जरूरत है, राज्य सभा बहुत खूबसूरत है। आपको अच्छा प्यार मिलेगा, अच्छा काम करने का मौका मिलेगा।' जो जाने वाले हैं, मैं उनके लिए भी दो पंक्तियां कहता हूं, 'जाओं कहीं भी सनम, तुम्हें इतनी कसम, हमें याद रखना।' धन्यवाद।

श्रीमती जमना देवी बारूपाल (राजस्थान): माननीय सभापति जी, आपने मुझे सदस्यों की विदाई के समय पर, बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं और आपको धन्यवाद देती हूं। महोदय, सर्वप्रथम मैं अपने पूज्य पिता श्री पन्नालाल बारूपाल जी का

आभार व्यक्त करूंगी जिन्होंने मुझे बाल्यकाल से ही दीन-हीन मानव और दलितों की सेवा करने का पाठ पढ़ाया है। इसके बाद मैं राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गांधी जी एवं श्री अशोक गहलौत जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए, उनको धन्यवाद दूंगी, जिन्होंने मुझे भारतवर्ष के सर्वोच्च सदन में बुद्धिजीवियों, विचारकों और विद्वानों की श्रेणी में बिठाया और उनके साथ वाद-विवद में भागीदारी का मौका दिया। ये 6वर्ष मेरे जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथा सुखद अनुभूतियों के दिन रहे है। प्रभु ने मुझे अपने मुल्क और अपने दलितों के कार्य करने के लिए एक सुंदर समय दिया और मैंने विद्वानों, विधि-वक्ताओं तथा राज्यों से आए हुए जन-प्रतिनिधियों से बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, अपने आपकों गौरवान्वित अनुभव किया। संसदीय जीवन में, लोकतंत्र के इस महान मंच पर जहाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है, मैं पूर्व के सभापति जी को भी नही भुला पाऊंगी। परम आदरणीय और दयालु स्वभाव के हमारे प्रधानमंत्री, श्री मनमोहन सिंह जी आज हमारे सम्मुख विराजमान हैं, मैं उनका भी हृदय से बहुत आभार व्यक्त करती हूं। श्री प्रणब मुखर्जी, श्री हंसराज भरद्वाज, डा॰ कर्ण सिंह, श्री अर्जुन सिंह और मेरे सम्मुख बैठे हुए श्री आर॰के॰ धवन, श्री नारायणसामी, श्री आर॰के॰ आनन्द, श्री पचौरी जी का भी मैं धन्यवाद करती हूं। मेरे जो बहनें यहां बैठी हैं-श्रीमती प्रभा ठाकुर जी, डा॰ कुमकुम राय जी, श्रीमती कमला मनहर जी-इन्होंने मेरा बहुत साथ दिया और मेरा मार्गदर्शन किया। मैं श्रीमती अम्बिका सोनी, श्री अहमद पटेल, श्रीमती रेणुका चौधरी, डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी और श्रीमती प्रेमा करियप्पा जो मेरे पास बैठी हैं, इन सबकी शुक्रगुज़ार हूं कि इन्होंने मेरा बहुत साथ दिया और मेरा मार्गदर्शन किया।

सभापति जी, मैं चारों तरफ से यही सुनती आई-श्री राजीव शुक्ल कहते-चाची, दर्डा जी कहते-दादी, अश्विनी जी कहते-अम्मा, प्रेमा जी कहतीं-मौसी, डा॰ दसारी नारायण राव कहते-अम्मा, धूत मियां कहते - बुआ, अन्य लोग कहते - दीदी - तब मैं कुछ क्षणों के लिए आत्मविभोर हो जाती थी और यह स्नेह भरा प्यार, ये शब्द, भंवरे की तरह गुंजन करके मेरे कर्णों को सुख देते रहते थे। मैं भले ही आप लोगों से दूर चली जाऊंगी, लेकिन मेरे लिए आप सभी की आत्मीयता को भूल पाना इतना सरल नहीं होगा। हालांकि मुझे आप सबके साथ हाऊस के अंदर बैठने तथा बोलने का सौभाग्य केवल 6 बरस के लिए ही मिला, सही कहा जाए तो केवल 18 महीने का ही मिला, लेकिन हाऊस के उपर की दर्शक-दीर्घा में मैं 1952 से लेकर 1977 तक, 25 वर्षों तक, बराबर ग्रामीण क्षेत्रों के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आती रही और उन्हें पार्लियामैंट की कार्यवाही दिखाती रही और मैं भी देखती रही। उस वक्त पक्ष और विपक्ष की जो झड़पें होती थीं, वे मर्यादा के दायरे में होती थीं, लेकिन आज वे झड़पें कुछ और तरीके से होती हैं।

सभापति जी, मैंने अपने पूज्य पिता के साथ, देश के करीब-करीब सभी महान व्यक्तियों और महान नेताओं के, बहुत करीब से दर्शन किए हैं। मैंने संविधान निर्माता, डा॰ भीमराव अम्बेडकर के दर्शन किए और कई बार उनसे रूबरू बातें की। मैं स्वतंत्र के प्रथम प्रधानमंत्री, श्री जवाहरलाल

नेहरू के साथ बराबर टेबल पर बैठकर बातें करती थी। भारत की विश्व-विख्यात प्रधानमंत्री, श्रीमति इंदिरा गांधी जी जब प्रधानमंत्री नहीं बनी थीं, उससे पहले हम उनको बीकानेर ले गए थे और हमने उनका स्वागत किया था। हमारे युवा प्रधानमंत्री, स्वर्गीय राजीव गांधी जी के साथ भी मैंने नज़दीक से काम किया है''। हम उनका हाथ पकड़ लेते थे, तो वे कहते थे– ''हाथ छोड़ोगे तभी तो मैं पत्र पढ़ूंगा''। उनके ये शब्द आज भी मेरी आंखों मे पानी भर देते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में और शहरी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देकर, महिलाओं का हौसला बुंलद कर दिया। आज देश के कोने-कोने से उनके प्रति श्रद्धा के शब्द अंकुरित होते हैं और आवाज़ आती है कि श्री राजीव गांधी ने हम महिलाओं के लिए कितना बड़ा काम किया। मैं सेवा निवृत्त होने से पूर्व यह एक संदेश सदन में छोड़ कर जाऊँगी कि यदि राजीव गांधी जी की यादों को तरोताजा रखना है, तो महिला आरक्षण विधेयक संसद में पारित होना चाहिए। मैंने सदन में आकर क्षेत्रीय समस्याओं को रखा। प्रभु कृपा से मुझे इसमें थोड़ी-बहुत सफलता हासिल हुई। चार हजार करोड़ रुपए का लम्बित पड़ा बरसिंगसर नेवेली लिग्नाइट का काम चालू करके मेरी कांग्रेस सरकार ने मेरा हौसला बुलन्द किया। वे हमारे पास यहाँ बैठे या नहीं बैठे हैं, मैं पीठ के पीछे उनकी प्रशंसा करूँगी, मणि शंकर अय्यर जी की और मैडम सोनिया गांधी जी की, उन्होंने हमारे राजस्थान के बाड़मेर के एक सीमा क्षेत्र में आठ हजार करोड़ रुपए से भी अधिक की रिफाइनरी लगा कर हमारा हौसला बुलन्द किया है। जहाँ तक कोलायत और फलोदी की ब्रोड गेज लाइन लम्बित पड़ी थी, वह कार्य भी चालू हुआ है। शायद थोड़े दिनों में वह काम हो जाएगा।

मैंने अपने संसदीय कोष से लड़कियों के स्कूलों में कमरों का विस्तार, सामुदायिक भवन, खेल-कूद के स्टेडियम, पानी और बिजली, होस्टल, इत्यादि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी तथा ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया।

जब मैं सदन में प्रवेश करती, तो मुझे सभी का प्यार मिलता। आदरणीय मेरे सामने बैठी हुई पूर्व उपसभापति, नजमा जी, चाहे वह अम्मा कहने वाली सुषमा स्वराज जी, साथ में ही सभी सामने बैठने वाली फिल्मी सितारों की बड़ी-बड़ी हस्तियाँ, चाहे वे हेमा जी हों या अन्य बहनें हों, जिन्होंने मुझे बहुत-बहुत ज्यादा प्यार दिया। मैं मेरे सामने बैठे हुए महासचिव योगेन्द्र नारायण जी का भी आभार व्यक्त करूँगी, जो न बोले, न मुस्कराए, न इशारा किया, न बतलाया, लेकिन उन्होंने आदर के साथ मेरा हौसला बढ़ाया। सम्मुख बैठे हुए मेरे भाई, मैं सोचूँगी कि मुझसे उम्र में छोटे भाई कहूँगी, जो जँचेगा, चाहे इधर के लोग हों, चाहे उधर के लोग हों, मुझे 5 वर्ष तक बहुत साथ दिया। मैं इनको कभी भी नहीं भूला पाऊँगी। यदि विद्धानों की सभा में भूले-बिसरे मुझसे कोई भी भूल-चूक हो गई हो, तो मैं तो नई आई थी, मुझे अपना समझ कर क्षमा करेंगे। मैं आपसे ऐसी याचना कर रही हूँ। फिर कभी आप लोगों की याद आई, तो आपसे मिलने चली आऊँगी। मैं यहाँ की सभी यादों को संजो कर ले जाऊँगी और फिर कभी आप सब की याद

आई, तो मैं आपसे मिलने चली आऊँगी। मैं सिर्फ हाउस छोड़ कर जा रही हूँ। अभी मुझमें जनहित, दलित, गरीब, शोषित महिलाओं के लिए काम करने के लिए बहुत शक्ति है। आज भी बेसहारा जीवनयापन करने वाली दलित महिलाएँ अनेक प्रकार की घटनाओं को लेकर आती हैं, चाहे वे बलात्कार की घटनाएँ हों, चाहे गाँव में प्रभावशाली लोग उनकी जमीन छीन लेते हों, इस प्रकार वे लोग भीड़ लगाए रहते हैं। आज गाँवों में बहुत घृणित कार्य होते हैं। लेकिन हम उनको गली-गली और पोक के सहारे ढूँढ नहीं पाते हैं। आज भी उनकी जमीनें छीनी जाती हैं आज भी उनके पैसे नहीं भरे जाते हैं। अगर गाँव की एक महिला घुँघट में लिपटी जब अकेली आती है, तो भय लगता है किसी दूसरे को लगता है, तो वह सामाजिक भय लगता है और एक से दो साथ लेकर आती हैं, तो उनको खाने-पिलाने की कमी पूरी नहीं होती।

आज 99 प्रतिशत शुगर की बीमारी हो रही है, कैंसर की बीमारी हो रही है। आज जब वे लोग आते हैं तो उनको न तो अस्पताल में जाने का रास्ता मिलता है और न होस्पिटल में जाकर फ्री दवाई लेने जैसी सुविधा मिलती है। वे भागे-भागे हम लोगों के पास ही आते हैं और उन दलितों तथा बेसहारों का ताँता लगा रहता है। मैं मेरे घर में उनकी सहायता करने के लिए काम करती हूँ। पहले यह काम आजादी से पूर्व मेरे स्व. पिताश्री करते थे और बाल्य काल से मैं उनका साथ देती थी। आज मैं अकेले ही उन लोगो का काम करते हुए सहर्ष महसूस करती हूँ क्योंकि ''जियो, तो ऐसे जियो, मानों सेवा के लिए जियो, यदि मरना है, तो ऐसे पशुओं की तरह क्यों मरो, वक्त निकल जाता है हवाओं के झोंके में और कुछ पदचिन्हों को छोड़ कर जियो''। अब मैं इतना जरूर कहूंगी कि यहां से जाऊंगी तो आप लोगों का प्यार जरूर अखरेगा, लेकिन काम करने में इतनी व्यस्त हो जाऊंगी कि मुझे आप लोगों को याद करने के लिए समय निकालना पड़ेगा। वैसे बुरा न मानें, मुझ से पहले अभी कुमकुम राय जी ने दोहरा दिया कि अब आएंगे कैसे क्योंकि किराया इतना हो गया है कि पूर्व सांसद को रहने की प्रॉब्लम है? अगर सही किराया लिया जाए तभी वह आ सकता है। मैं भी अपने सभी विद्वानों के दर्शन कर सकती हूं। अब ग्रामों की समस्या को आप तक लिखित में पहुंचा सकती हूं।

दूसरी बात, मैं कहूंगी कि मैंने इतने वर्षों तक सेवा की। कहां 52 का जमाना और कहां आज का जमाना? जब पिता जी आजादी से पहले लड़ते थे, तब भी मैं उनके साथ थी, लेकिन इतने वर्षों में, यह 6 वर्ष का काल नहीं है, इसे 5 वर्ष 6 महीने का कहना चाहिए, इस में जो समय मिला, वह बहुत थोड़ा समय है। एक दलित महिला व काम करने वाली महिला को पुनः मौका मिलना चाहिए। लेकिन मैं सोनिया गांधी जी पर बहुत विश्वास करती हूं, मनमोहन सिंह जी पर बहुत विश्वास करती हूं और कांग्रेस पार्टी पर विश्वास करती हूं। वह पार्टी जो निर्णय करेगी, जो हमें मार्गदर्शन देगी, हम उस के ऊपर काम करेंगे। हम तो फौज के सिपाही बनकर काम करेंगे और पार्टी को ''बल्ले-बल्ले'' कराएंगे।

मैं पुन: सभी सांसदों को, चाहे वे इधर के हों या उधर के, चाहे सामने से हों या उधर से-सभी महानुभावों को धन्यवाद देती हूं। आदरणीय जसवन्त सिंह जी, विपक्ष के नेता हमारे राजस्थान प्रदेश के हैं, मैं उन को धन्यवाद दूंगी। चैयरमेन साहब को मैं किन शब्दों में धन्यवाद दूं? आप से तो बराबर 50 साल से जुड़ी हुई हूं। वह लाड़ भी करते हैं और कभी-कभी डांट भी देते हैं। जब डांट देते हैं तो सोचती हूं कि घर के दादा पोती-पोतियों को डांटने के लिए ही होते हैं। मैं इनकी बात का कभी भी बुरा नहीं मानती। अगर अपनी आत्मा से पूछेंगे तो शायद इन्होंने हमेशा डांटकर ही कहा कि तेरे को बोलना नहीं आता। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सभापति: प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा।

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति जी, मैं आप का आभारी हूं कि इस महान सदन से सेवानिवृत्ति के समय, विदाई के समय, आप ने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया। मैं विदाई के संबंध में बोलूं, उस से पहले उन माननीय सदस्यों को हृदय से बधाई देना चाहता हूं जो पुन: चुनकर आए हैं, इस महान सदन के दोबारा सदस्य बन गए हैं या आने वाली 28 मार्च को पुन: निर्वाचित होकर इस महान सदन के सदस्य बनेंगे। मैं उन्हें हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाई देता हूं।

माननीय सभापति जी, मैं 12 वर्ष तक लगातार इस महान सदन का सदस्य रहा हूं। इस अंतराल में मैंने इस महान सदन की परंपराओ से, इस सदन की तमाम संसदीय समितियों के माध्यम से बहुत कुछ सीखा है। अपने देश के बारे में, अपने भारत के बारे में भी मेरी समझ बेहतर बनी है मेरे अंतर्ज्ञान में भी कुछ वृद्धि हुई है। मैं अपनी पार्टी के माननीय नेताओं की कृपा से कई देशों में संसदीय समितियों के माध्यम से जा सका हूं । मैं अपने नेता माननीय डा॰ मुरली मनोहर जोशी जी के साथ विश्व की सबसे बड़ी पंचायत यू॰एन॰ओ॰ के स्पेशल सैशन में भी शामिल हुआ हूं। इस तरह से इस अन्तराल में इस विश्व का भी ज्ञान कुछ बढ़ा है।

माननीय सभापति जी, मेरे लिए इस महान सदन का एक सदस्य बनना एक महान उपलब्धि के समान है। मैं एक अत्यंत साधारण किसान परिवार से आता हूँ। मेरे परिवार में मुझसे पूर्व कोई भी व्यक्ति राजनीति में किसी भी पद पर नहीं रहा है, कोई ग्राम प्रधान भी नहीं रहा है। ऐसे साधारण परिवार के एक व्यक्ति को मेरी पार्टी ने इस सदन में एक बार नहीं, बल्कि दो-दो बार भेजा है, उसे अवसर प्रदान किया है। मैं अपनी पार्टी के नेताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

महोदय, पहली बार मैं जब विधान सभा का चुनाव मात्र 218 मतो से हार गया था और मुझे लगा था कि मुझे गलत तरह से हराया गया, तो मैं अपने नेताओं के पास यह कहने के लिए पहुँचा कि मुझे कुछ आर्थिक मदद दे दो, जिससे मैं हाई कोर्ट में पेटीशन कर सकूँ। उस समय माननीय कलराज मिश्र जी, जो हमारी आगे वाली सीट पर बैठे हुए हैं, प्रदेश अध्यक्ष थे। मैं इनके पास पहुँचा और कहा कि हमें कुछ आर्थिक मदद दे दो। इस पर माननीय मिश्र जी ने कहा कि मैं सोचूँगा, विचार करूँगा।

माननीय मिश्र जी ने मुझे पैसा तो नहीं दिया, लेकिन मेरी वकालत करके मुझे इस सदन में भिजवा दिया। इन्होंने कहाँ-कहाँ मेरी वकालत की, मुझे मालूम नहीं है, लेकिन आदरणीय मिश्र जी यहाँ बैठे हुए हैं, मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

माननीय सभापति जी, इस सदन में रहकर मेरे संसदीय ज्ञान में कुछ इजाफ़ा हुआ है। मैं यह महसूस करता हूँ और मैं कहना भी चाहता हूँ कि इस महान सदन में जो संसदीय ज्ञान में निष्णात् हैं, महान विद्वान हैं, उनको अवसर मिलना चाहिए। लेकिन यदि योग्यता में कुछ छूट भी देनी पड़े तो जो अनुसूचित जाति के बंधु हैं, जो जनजाति के बंधु हैं, जो पिछड़े वर्गों के लोग हैं और विशेषकर जो महिलाएँ हैं, उनको कुछ विशेष अवसर मिले, तो मैं समझता हूँ कि यह सदन, जो कि हमारे देश का प्रतिबिम्ब है, हमारे राष्ट्र का प्रतिबिम्ब है, शायद इसमें बेहतर प्रतिनिधित्व हो सकेगा। ऐसा मेरा व्यक्तिगत विचार है।

